हिन्दुस्तान
सोमवार, 6 मार्च 2023
02
www.livehindustan.com

# स्वयंसेवकों को जंगल और पहाड़ का महत्व बताया

बल्लभगढ़, संवाददाता। अग्रवाल कॉलेज की एनएसएस की तीनों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन रविवार को स्वयंसेवकों को अरावली की यात्रा कराकर जंगल और पहाड़ की महत्ता बताई गई।

स्वयसेवकों ने इस दौरान पटेल नगर में बच्चों को वस्त्र वितरण किए गए। शिविर का आयोजन प्रॉचार्य डॉ.कृष्णकांत गुप्ता के मार्ग-दर्शन में चल रहा है। शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत प्रार्थना, योग, व्यायाम आदि से हुई। इसके बाद कुछ स्वयंसेवको ने खेलों में भाग लिया। इसमें खो-खो, क्रिकेट, बैडमिंटन खेल शामिल रहे। रविवार को एनएसएस के 50 स्वयंसेवकों ने अरावली यात्रा की। स्वयंसेवकों को अरावली के जंगलों, पहाड़ियों के प्रति संरक्षण के बारे में बताया गया। सेव अरावली ट्रस्ट ने स्वयंसेवकों को बताया की पारिस्थितिक संतुलन के लिए जंगल व पहाड़ कितने जरूरी है।